छत्तीसगढ़ शासन
उच्च शिक्षा विभाग
::मंत्रालय::
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)
---00---

क्रमांक 622/उ.शि/रा.से.यो./2023–24
प्रति,

रायपुर, दिनांक 03/02/2024

प्राचार्य,
**रेड रिबन युक्त महाविद्यालय,**
**(चयनित सूची अनुसार)**
छत्तीसगढ़ ।

**विषय :– राष्ट्रीय सेवा योजना एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त आयोजन में राज्य स्तरीय ड्रामा प्रतियोगिता में सहभागिता संबंधी ।**

---00---

विषयांतर्गत लेख है कि राष्ट्रीय सेवा योजना एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक **28 फरवरी 2024 को** शासकीय दू. ब. महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कालीबाड़ी, रायपुर छ.ग. में सुनिश्चित हो रहा है । उक्त राज्य स्तरीय ड्रामा प्रतियोगिता आयोजन हेतु आपके महाविद्यालय का चयन हुआ है । प्रतियोगिता हेतु चयनित महाविद्यालयों की सूची निम्नवत् अनुसार है :–

| कमांक | महाविद्यालय/संस्था का नाम |
|---|---|
| 01. | शासकीय विवेकानंद पी.जी. महाविद्यालय, मनेन्द्रगढ़, जिला कोरिया । |
| 02. | शासकीय नागरिक कल्याण महाविद्यालय, नंदनी नगर अहिवारा, जिला दुर्ग । |
| 03. | शासकीय डॉ. राधाबाई नवीन कन्या महाविद्यालय, रायपुर । |
| 04. | शासकीय दानवीन तुलाराम शासकीय महाविद्यालय, उतई, जिला दुर्ग । |
| 05. | शासकीय बीसीएस पी.जी. महाविद्यालय, धमतरी । |
| 06. | शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा, जिला दुर्ग । |
| 07. | शासकीय पी.जी. महाविद्यालय कांकेर । |
| 08. | शासकीय नवीन महाविद्यालय, सरगॉव । |
| 09. | स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय, भिलाई दुर्ग । |
| 10. | शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय, राजिम, जिला गरियाबंद । |
| 11. | शासकीय एनसीजी महाविद्यालय, दल्लीराजहरा । |
| 12. | शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा । |
| 13. | सीएमडी महाविद्यालय, बिलासपुर । |
| 14. | शासकीय जे.योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर । |
| 15. | शासकीय महाविद्यालय पिथौरा, जिला महासमुंद । |

उपरोक्त रेड रिबन यूथ फेस्ट के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय ड्रामा प्रतियोगिता में अपने महाविद्यालय की सहभागिता सुनिश्चित कराने का कष्ट करें । सहभागियों को यात्रा व्यय का भुगतान आयोजन स्थल पर सुनिश्चित किया जावेगा । ड्रामा प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को दिनांक 28 फरवरी, 2024 को प्रातः 9:00 बजे तक आयोजन स्थल **(शास. दू.ब. महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रायपुर)** पर रिपोर्ट करना है । प्रतिभागियों हेतु आयोजक द्वारा भोजन की निःशुल्क व्यवस्था रहेंगी । नाटक/ड्रामा के प्रतिभागी अपने साथ प्रस्तुति हेतु आवश्यक वाद्य यंत्र, वेशभूषा, परिधान एवं अन्य आवश्यक वस्तुऍं साथ लायें । प्रत्येक महाविद्यालय से दल प्रभारी को सम्मिलित करते हुए अधिकतम 11 व्यक्तियों की सहभागिता होनी है ।

कृपया ड्रामा प्रतियोगिता में अपने महाविद्यालय की सहभागिता सुनिश्चित कराने का कष्ट करें । प्रतियोगिता के संदर्भ में अन्य जानकारी हेतु **श्रीमती नीतू मंडावी, संयुक्त संचालक** (यूथ), छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति, कालीबाड़ी, रायपुर के **मो.नं.** पर **9111212228** पर संपर्क किया जा सकता है ।

**(डॉ. नीता बाजपेयी)**
राज्य एनएसएस अधिकारी
छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग
संपर्क नं. 94252–58422

23/02/2024

कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website - www.bcspgcdmt.com
E-mail - pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763
NAAC GRADE B+
दूरभाष– 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

# राज्य स्तरीय ड्रामा प्रतियोगिता के प्रतिभागियों की सूची

| क्र. | प्रतिभागी का नाम | पिता का नाम | कक्षा | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | रूपेश देवांगन | श्री खेमचंद | M.A.-IV Sem (Hindi) | |
| 02 | कुशल प्रसाद | श्री विशेष कुमार | M.A.-IV Sem (Geo.) | |
| 03 | योगेन्द्र निर्मलकर | स्व. देवेन्द्र निर्मलकर | B.Com.-I | |
| 04 | गोपेश्वर साहू | श्री जालमसिंह साहू | B.Com.-I | |
| 05 | केसर | श्री खुबलाल साहू | B.Com.-I | |
| 06 | भूमिका | श्री रतन लाल | B.Com.-I | |
| 07 | पलक | स्व. ज्ञानिक राम | B.Com.-I | |
| 08 | अंजली | स्व. ईश्वर लाल | B.Com.-I | |
| 09 | चिन्मय कुमार | श्री तरूण कुमार | B.Com.-I | |

IC/ [signature]

प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी ( छ.ग. )

कार्यालय प्राचार्य
**बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)**
Website - www.bcspgcdmt.com
E-mail - pgcollege.dhamtari@gmail.com

AISHE CODE: C-21763 | NAAC GRADE B+

दूरभाष– 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

क्रमांक/2017/2024 धमतरी, दिनांक 27/02/2024

# ।।आदेश ।।

छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक/622/ उ.शि./रा.से.यो./2023-24, रायपुर दिनांक 03.02.2024 के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त आयोजन में राज्य स्तरीय ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 28 फरवरी 2024 समय प्रातः 09 बजे, स्थान-शासकीय दू.ब. महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय,कालीबाड़ी, रायपुर (छ.ग.) किया गया है। उक्त प्रतियोगिता में महाविद्यालय के चयनित प्रतिभागियों को ले जाने हेतु रेडरिबन क्लब प्रभारी प्रो. निरंजन कुमार, सहा.प्राध्यापक (वाणिज्य) को आदेशित किया जाता है। इस हेतु उन्हें नियमानुसार यात्रा-भत्ता की पात्रता होगी।

**संलग्न :- प्रतिभागियों की सूची।**

IC/ [signature]
**प्र.प्राचार्य**
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/2018/2024 धमतरी, दिनांक 27/02/2024

**प्रतिलिपिः-**

01. डॉ. नीता बाजपेयी, राज्य एनएसएस, अधिकारी, छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी, नवा रायपुर को सूचनार्थ।
02. संबंधित अधिकारी को पालनार्थ एवं सूचनार्थ।
03. लेखा/स्थापना शाखा, बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)।
04. व्यक्तिगत नस्ती

IC/ [signature]
**प्र.प्राचार्य**
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

NACO CGSACS

# अभिव्यक्ति 2024

Date : 28/02/2024

#IndiaFightsHIVandSTI

## राज्य स्तरीय ड्रामा प्रतियोगिता में

## प्रथम स्थान ₹10,000

# ड्रामा में पीजी कालेज प्रथम

**प्रतियोगिता ● शासकीय डीबी गर्ल्स कालेज रायपुर के सभागार में हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम**




एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता कार्यक्रम के दौरान अतिथियों से पुरस्कार लेते हुए महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं। ●कालेज

धमतरी (वि.)। राज्य के युवाओं को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अभिव्यक्ति 2024, रेड रिबन राज्य स्तरीय ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन 28 फरवरी को शासकीय डीबी गर्ल्स पीजी कालेज के सभागार में आयोजित किया गया। यह आयोजन उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन, राष्ट्रीय सेवा योजना व छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के प्राप्त नामांकन के आधार एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा चयनित आठ महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने अपनी कृति की प्रस्तुति दी।

ड्रामा प्रतियोगिता का थीम एचआईवी संचरण के मार्ग, एचआईवी को लेकर भ्रांतियां, कलंक एवं भेदभाव की रोकथाम, एचआईवी एड्स एक्ट रहा, जिसमें बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के प्रतिभावान रेड रिबन क्लब के सदस्य एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों ने नाटक से एड्स के कारण, संचरण के साधन, भ्रांतियां, एड्स पीड़ित व्यक्ति के लिए सामाजिक दृष्टिकोण, पीड़ित परिवार की दशा, एड्स रोगी के शारीरिक दुष्परिणाम, बचाव के साधन, चिकित्सीय परामर्श तथा एड्स एक्ट को अपने नाटक के माध्यम से दर्शकों तक पहुंचाया।

इस एड्स आधारित मार्मिक नाटक को निर्णायक समूह द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जिसके प्रतिभागी रूपेश देवांगन, कुशल डिंडोलकर, योगेंद्र, गोपेन्द्र, चिन्मय, आशीष, भूमिका, केसर साहू एवं अंजली तथा नोडल अधिकारी एवं दल प्रभारी प्रो निरंजन कुमार रेड रिबन क्लब रहे। निर्णायकों द्वारा तीन बेहतर नाटकों के समूह का चयन किया गया, जिसमें प्रथम को 10,000, द्वितीय को 8,000, तृतीय को 5,000 तथा एक सांत्वना के रूप 3,000 रुपये का पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

**विजेताओं को मिला पुरस्कार व नगद राशि** : कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसन्ना आर (भाप्रसे) सचिव उच्च शिक्षा विभाग, अध्यक्षता डा. किरण गजपाल, प्राचार्य, शासकीय डीबी गर्ल्स पीजी कालेज एवं विशिष्ट अतिथि डा. नीता बाजपेयी, राज्य एनएसएस अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग, नीतू मंडावी, सहायक संचालक, युवा मामले, छग राज्य एड्स नियंत्रण समिति रहे। अतिथियों ने समस्त विजेताओं को पुरस्कार एवं नकद राशि प्राप्त हुई। साथ ही समस्त प्रतिभागी एवं नोडल अधिकारी, दल प्रभारी को भी सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

**ड्रामा प्रतियोगिता** • विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 10 हजार, द्वितीय 8 हजार व तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपए दिए गए

# एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करने दी नाटक की प्रस्तुति

भास्कर न्यूज | धमतरी

राज्य के युवाओं को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वावधान में अभिव्यक्ति 2024, रेड रिबन राज्य स्तरीय ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन 28 फरवरी को शासकीय दू. ब. महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रायपुर के सभागार में आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभागियों के प्राप्त नामांकन के आधार एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा चयनित 8 महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी।




धमतरी। राज्य स्तरीय ड्रामा प्रतियोगिता की विजेता टीम को पुरस्कार देते अतिथि।

ड्रामा प्रतियोगिता की थीम एचआईवी संचरण के मार्ग, एचआईवी को लेकर भ्रांतियां, कलंक एवं भेदभाव की रोकथाम, एचआईवी एड्स एक्ट थी। बीसीएस पीजी कॉलेज धमतरी के रेड रिबन क्लब के सदस्य एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों ने नाटक से एड्स के कारण, संचरण के साधन, भ्रांतियां, एड्स पीड़ित व्यक्ति के लिए सामाजिक दृष्टिकोण, पीड़ित परिवार की दशा, एड्स रोगी के शारीरिक दुष्परिणाम, बचाव के साधन, चिकित्सीय परामर्श तथा एड्स एक्ट को अपने नाटक के माध्यम से दर्शकों तक पहुंचाया। एड्स आधारित मार्मिक नाटक को निर्णायक समूह द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। प्रतिभागी रूपेश देवांगन, कुशल डिंडोलकर, योगेंद्र, गोपेन्द्र, चिन्मय, आशीष, भूमिका, केसर साहू, अंजली तथा नोडल अधिकारी एवं दल प्रभारी प्रो. निरंजन कुमार रेड रिबन क्लब शामिल थे।

विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 10 हजार, द्वितीय 8 हजार व तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपए दिया गया। इसके अलावा एक सांत्वना के रूप में 3 हजार रुपए पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान दिया गया। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार एवं नकद राशि देकर सम्मानित किया, साथ ही समस्त प्रतिभागी एवं नोडल अधिकारी, दल प्रभारी को भी सहभागिता प्रमाण पत्र दिया गया।

2/3/24


THE RED RIBBON
LET COMMUNITIES LEAD
GPS Map Camera
Raipur, Chhattisgarh, India
6JMP+8XR, Nehru Nagar, Budhapara, Raipur, Chhattisgarh 492001, India
Lat 21.23358°
Long 81.637455°
28/02/24 03:50 PM GMT +05:30
Google


THE RED RIBBON
2024
#IndiaFightsHIVandSTI
Co-organized by
Department of Higher Education, Govt of Chhattisgarh
National Service Scheme-Chhattisgarh
START FROM HERE



THE RED RIBBON
OMPETITION
2024
#IndiaFightsHIVandSTI
Co-organized by
GPS Map Camera
Raipur, Chhattisgarh, India
6JMQ+74M, Nehru Nagar, Budhapara, Raipur, Chhattisgarh 492001, India
Lat 21.233481°
Long 81.637768°
28/02/24 01:24 PM GMT +05:30
Google


अभिव्यक्ति 2024
राज्य स्तरीय ड्रामा प्रतियोगिता में
GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
PG5J+83J, Subhash Nagar, Dhamtari, Chhattisgarh 493773, India
Lat 20.708426°
Long 81.530042°
29/02/24 01:34 PM GMT +05:30
Google